जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी।

(विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के धारा 9 के अन्तर्गत गठित)

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 688/सात-न्याय-7-2012-11/2011 दिनांकित 03.09.2012 द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए०डी०आर० सेन्टर वाराणसी में रिक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी(चपरासी), चौकीदार व सफाई कर्मचारी की नियुक्ति आउटसोर्सिगं के माध्यम से नियुक्ति किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त के परिपेक्ष्य में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से दिनांक 28.02.2025 तक जेम पोर्टल पर ई-टेन्डर द्वारा किया जाना है। इच्छुक सेवा प्रदाता संस्था से निम्नलिखित पदों व शर्तो के अधीन बिड आमंत्रित किया जाता है।

क्रम संख्या	पदनाम	पदों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	मासिक पारिश्रमिक की धनराशि(रु० में)
1.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी)	01	कक्षा- 8 उत्तीर्ण	8350/-
2.	चौकीदार	01	कक्षा- 8 उत्तीर्ण	5960/-
3.	सफाई कर्मचारी	01	कक्षा- 6 उत्तीर्ण	2390/-

आवेदन की शर्ते निम्नलिखित हैं:-

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. आवेदक का एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
4. आवेदक यदि किसी विभाग/कार्यालय स्वीपर के रुप में कार्य कर चुका हो तो इसके समर्थन में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
5. आवेदक आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक, आवासीय, अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र जो स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित हो अवश्य संलग्न करें।
6. आवेदक इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करें कि उनके विरुद्ध कोई भी दण्डित वाद किसी भी न्यायालय में लंबित न हो और न ही उन्हें किसी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित किया गया है।
7. नियुक्ति पूर्णकालिक न होकर संविदा पर आधारित होगी।
8. नियत पारिश्रमिक पर महंगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ता आदि देय नहीं होगा।
9. चयन के संबंध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वाराणसी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
10. सेवा प्रदाता संस्था शपथ पत्र देंगे कि उन्हें किसी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है।
11. आवेदन करने की अंतिम तिथि 03.06.2024 है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त पद हेतु इच्छुक सेवा प्रदाता संस्था से उपरोक्त शर्तों के अधीन बिड आमंत्रित किये जाने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक 24.05.2024

भवदीय,

24.5.2024

अनुमोदित।

(विजय कुमार विश्वकर्मा)
सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
वाराणसी।

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
वाराणसी 24/5/2024